# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर द्वारा रचित ऐतिहासिक कविता सागरा प्राण तलमल्ला के 115 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कल विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- संसद भवन परिसर में आज 2001 में हुए आतंकवादी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।
- कार निकोबार के सांस्कृतिक और शैक्षिक बुनियादी ढांचे के विकास के तहत जिला पुस्तकालय भवन की आधारशिला रखी गई ।
- राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल में होने वाले 'ध्वनि एवं प्रकाश शो' के समय में 17 दिसंबर से बदलाव किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में कल महान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर वीर सावरकर द्वारा रचित ऐतिहासिक कविता सागरा प्राण तलमल्ला के 115 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सागरा प्राण तलमल्ला एक मराठी कविता है, जिसे वीर सावरकर ने सेल्यूलर जेल में बंदी रहने के दौरान लिखी थी। डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के सूचना, प्रौद्योगिकी और संस्कृति मंत्री अशीष शेलार, द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के

जोशी, सांसद बिष्णु पद रे सहित प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक सशक्त लेखक के साथ–साथ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की आधारशिला रखने वाला नायक बताया। श्री शाह ने कहा कि सावरकार की विचारधारा का प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए और इसे बच्चों के साथ साझा किया जाना चाहिए। उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अपने संबोधन में कहा राष्ट्रीय एकता हमारी सबसे बड़ी शक्ति और हर नागरिक का मूल धर्म है।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कविता के ऐतिहासिक महत्व, वीर सावरकर के अंडमान प्रवास तथा देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान को याद किया। इस दौरान सागरास–सागरा प्राण तलमल्लला नामक कॉफी टेबल बुक का भी अनावरण किया गया। इस अवसर पर पंडित हृदयनाथ मंगेशकर के नेतृत्व में कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इससे पहले बिडनाबाद में डॉ. मोहन भागवत ने केन्द्रीय मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में वीर सावरकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान वीर सावरकर प्रेरणा पार्क का भी आधिकारिक उद्घाटन किया गया।

<><><><><><><>

आज पूरा देश उन सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है जिन्होंने 24 वर्ष पहले 13 दिसंबर 2001 को हुए आतंकवादी हमले में संसद की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवाई। इस अवसर पर संसद भवन परिसर में सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा अध्यक्ष सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र

मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री और संसद सदस्य संसद भवन में सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

<><><><><><><>

कार निकोबार के सांस्कृतिक और शैक्षिक बुनियादी ढांचे के विकास के तहत जिला पुस्तकालय भवन के नवीनीकरण और आधुनिकीकरण की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले, जनजातीय परिषद अध्यक्ष लियोनल्ड निकोमेड और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। राजा राम मोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन, नेशनल मिशन ऑन लाइब्रेरीज़ और संस्कृति मंत्रालय, के सहयोग से जिला पुस्तकालय का निर्माण किया जाएगा। पुस्तकालय में डिजिटल और आईटी–आधारित सेवाएं, सार्वजनिक पहुंच सेवाओं में सुधार और दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। इसे एक आधुनिक 'स्टेट–ऑफ–द–आर्ट' सुविधा के रूप में विकसित किया जाएगा। जिला उपायुक्त ने बताया कि इस पुस्तकालय में ऑडियो रिकॉर्डिंग के लिए एक म्यूजिकल आर्ट्स रूम होगा, जो पूरी तरह से साउंडप्रूफ होगा। यहां विभिन्न प्रकार के संगीत वाद्ययंत्र उपलब्ध होंगे, जिनका वित्तपोषण एकीकृत जनजातीय विकास कार्यक्रम पहल के माध्यम से किया गया है।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना 2027 के लिए 11 हजार सात सौ 18 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जनगणना 2027 दो चरणों में कराई जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल की आर्थिक समिति ने कोयला लिंकेज नीति –कोल सेतु में सुधारों को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि भारत कोयला क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। सूचना

एवं प्रसारण मंत्री ने बताया कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 2026 सीजन के लिए कोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य का भी अनुमोदन कर दिया है। श्री वैष्णव ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि से नारियल उगाने वालों को न केवल बेहतर मूल्य मिलेगा, बल्कि किसानों को कोपरा उत्पादन के लिए प्रोत्साहन भी मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कैबिनेट द्वारा 2026 सीजन के लिए खोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करने का निर्णय न केवल नारियल किसानों की आय बढ़ाएगा, बल्कि खोपरा उत्पादन को भी प्रोत्साहन देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देशभर के किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><>

राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल में होने वाले 'ध्वनि एवं प्रकाश शो' के समय में 17 दिसंबर से बदलाव किया गया है। संशोधित समय सारणी के तहत अब पहला शो शाम साढ़े पांच बजे, दूसरा शो शाम साढ़े छः बजे तीसरा शो शाम साढ़े सात बजे और चौथा शो रात साढ़े आठ बजे से रात नौ बजकर पन्द्रह मिनट तक चलेगा।

<><><><><><>

एम.वी. स्वराज द्वीप 16 दिसम्बर को सुबह दस बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई जाएगा। अतिरिक्त सामान को चढ़ाने का कार्य 15 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। कार्गो की बुकिंग जहाजरानी सेवा निदेशालय के कमर्शियल विंग में पहले से करानी होगी। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य जहाज रवानगी के दिन सुबह 8 बजे से 9 बजे तक चलेगा। जहाज हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><>

अंडमान लोक निर्माण विभाग ने चाथम कॉजवे ब्रिज की मरम्मत के लिए निविदाएं आमंत्रित की है। निविदा 2 जनवरी को खोली जाएगी। इस पुल का निर्माण वर्ष 1919 में हुआ था। भारी वाहनों के आवागमन के कारण पुल को काफी नुकसान पहुँचा है। एनआईटी, तिरुचिरापल्ली की रिपोर्ट में कुछ संरचनात्मक मरम्मत की सिफारिश की गई है। सीमित आवाजाही के कारण स्थानीय लोगों को होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने मौजूदा पुल की मरम्मत का निर्णय लिया है, ताकि लोगों के श्री विजयपुरम और चाथम के बीच निर्बाध आवाजाही बहाल हो सके।

<><><><><><><>